हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

14 विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस से संबंधित ...



14 वैज्ञानिक सोच ही विकसित भारत की आधारशिला...





## खबर संक्षेप

### रथयात्रा देखने गए पिता पुत्र के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम तोषगांव में रथयात्रा देखने गए पिता-पुत्र के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बिछिया का सोनूराम महिलाने 16 जुलाई को अपने पुत्र छबिलाल महिलाने के साथ अपने ससुराल ग्राम तोषगांव रथयात्रा देखने गया था। शाम करीबन सात बजे तोषगांव के साहिल बरिहा और अमन प्रधान ने रुपए की मांग की, लेकिन मना करने पर पत्थर से उसके पुत्र छबिलाल के सिर में मारा। जब प्रार्थी ने बीच बचाव किया तब उसके साथ भी मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### सुभाष नगर में पड़ोसी ने की मारपीट व चाकू से वार

**महासमुंद।** नगर के सुभाषनगर में एक व्यक्ति के साथ उसके पड़ोसी द्वारा मारपीट व चाकू से वार किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को डिगेश मिर्धा ने बताया कि 16 जुलाई की शाम करीब 06.30 बजे अपने घर के आंगन में बैठा था, पड़ोसी प्रेम जगत पिता मनहरण जगत (19 साल) आया और मेरे खिलाफ रिपोर्ट लिखाए हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। साथ ही धारदार चाकू से मारा, जिससे दाहिने हथेली में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## समस्या : एफसीआई मार्ग से गुजरने वाले राहगीर परेशान

# भारी वाहनों और बदहाल सड़क से रोज जूझ रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- भारतीय खाद्य निगम का गोदाम शहर से बाहर शिफ्ट करने की मांग फिर तेज, पांच स्कूलों के विद्यार्थियों की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल



शहर का एफसीआई मार्ग इन दिनों यातायात अव्यवस्था और जर्जर सड़क के कारण लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का गोदाम होने के कारण इस मार्ग पर दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। वहीं इसी मार्ग पर पांच निजी और शासकीय स्कूल संचालित होने से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं भी आवागमन करते हैं। ऐसे में दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। यह मार्ग शहर के पिटियाझर मोहल्ले को मुख्य शहर से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन हजारों लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। लेकिन, सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे और बारिश के दौरान कीचड़ एवं जलभराव के कारण राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क की बदहाल स्थिति और भारी ट्रकों के लगातार आवागमन से हर दिन जाम की स्थिति बनती है। स्कूल खुलने और छुट्टी के समय मार्ग पर अव्यवस्था और अधिक बढ़ जाती है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती है।

### सड़क मरम्मत और जल निकासी व्यवस्था की मांग

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन, नगर पालिका और संबंधित विभाग से मांग की है कि एफसीआई मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए, जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की जाए तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात प्रबंधन के प्रभावी उपाय किए जाएं। उनका कहना है कि यह केवल सड़क की मरम्मत का मामला नहीं, बल्कि हजारों लोगों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है।

### 40 साल पहले बाहरी इलाका होता था एफसीआई का गोदाम

बता दें कि आज से 40-50 वर्ष पहले यह मार्ग शहर के बाहरी दिशा में जाने वाला मार्ग हुआ करता था। बसाहट और जनसंख्या वृद्धि के साथ एफसीआई जो 4 दशक पहले शहर के बाहर माना जाता था वह अब शहर के हृदय स्थल में पहुंच चुका है। ऐसे में इसे बाहर ले जाने की मांग लगातार हो रही है। इस संबंध में लंबे समय से मांग उठती रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। यदि गोदाम को शहर से बाहर स्थानांतरित किया जाता है तो भारी वाहनों का दबाव कम होगा और यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा।

## कार के बोनट में छिपाकर गांजा की तस्करी, दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** कार के बोनट और डिक्की में छिपाकर गांजा तस्करी करने वाले दो लोगों को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और कोमाखान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के कब्जे से 15.77 लाख रुपए का 34.540 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपालन में जिले मंस पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान कोमाखान पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर एक सफेद रंग मारूति डिजायर कार (क्रमांक यूपी 92 एटी 9865) में 02 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन कर रहे हैं। इस सूचना के बाद मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी की गई। कार के वहां पहुंचने पर पुलिस ने पूछताछ की। जिस पर संदेहियों ने अपने नाम पंकज उदैनिया पिता अशोक कुमार (33 साल) निवासी कुठौंदा थाना रेंडर जिला जालौन उप्र (हाल पता-मरीन ड्राइव मंदिर के सामने तेलीबांधा रायपुर) व दूसरे सवार ने अपना नाम अभय नागर पिता संतोष नागर (22 साल) निवासी करसान थाना कोतवाली उरई जिला जालौन उप्र होना बताया। पूछताछ में आरोपियों ने गांजा कार के इंजन (बोनट) और डिक्की में छिपाकर गांजा तस्करी की जानकारी दी। कार की तलाशी पर 31.540 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। आरोपी इस गांजा को नुआपाड़ा (ओड़िसा) से ले जाकर उत्तरप्रदेश खपाने के लिए ले जा रहे थे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(बी)(II)(सी) 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### ढाबा में शराब बिक्री, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने ग्राम गड़बेड़ा स्थित ढाबा में अंग्रेजी शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि 17 जुलाई को सूचना मिली कि ग्राम गडबेड़ा के चिनी ढाबा में एक व्यक्ति शराब की बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम अजय सागर पिता रमेश सागर (24 साल) मुढीपार थाना पिथौरा होना बताया। ढाबा की तलाशी के दौरान वहां से 20 नग पौवा गोवा अंग्रेजी शराब कीमत 2400 रुपए एवं 30 नग पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2400 रुपए कुल कीमत 4800 को बरामद किया गया।













## खबर संक्षेप



### लगातार हो रही रिमझिम बारिश से अंचल हुआ सराबोर

**नर्रा।** आषाढ़ मास के दौरान क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने आषाढ़ के महीने में ही सावन की झड़ी का अहसास करा दिया है। इस अनवरत बरसते पानी से जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से पूरी तरह राहत मिली है। वहीं दूसरी ओर कृषि जगत में भारी उत्साह का माहौल है। मौसम में आए इस सकारात्मक बदलाव और बारिश के चलते ग्रामीण व इलाकों का तापमान काफी गिर गया है। यह बारिश कृषि कार्य के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। बाहरा नार उतार खेतों में पर्याप्त पानी जमा होने से क्षेत्र के अन्नदाताओं के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। किसान धान की रोपाई और बियासी के कार्यों में जुट गए हैं।

### मनोरोग रोग जांच शिविर आज

**महासमुंद।** स्थानीय महासमुंद मेडिकल में 19 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एमबीबीएस, एमडी, साइकियाट्री (पीजीआई) चंडीगढ़ (एम्स हास्पिटल) मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रखर शर्मा अपनी सेवाएं देंगे। मानसिक रोग जैसे अवसाद, घबराहट, बेचैनी, सरदर्द, तनाव, चिड़चिड़ाहट, नींद ना आना, डर लगना, बेवजह शक करना, बार-बार हाथ धोना या बात दोहराना, झटके, चक्कर या बेहोशी आना, याददाश्त में कमजोरी आना, रास्ते, नाम इत्यादि भूल जाना बहुत ज्यादा बोलना, मारपीट करना, बेवजह पैसे खर्च करना या वस्तुओं का नुकसान करना, नशे की लत जैसे दारु, गांजा, भांग, चरस, स्मैक, तंबाखू, गुटखा इत्यादि, सेक्स संबंधित समस्या जैसे शीघ्रपतन, लिंग में शिथिलता या कमजोरी, धात रोग, बच्चों का ज्यादा चंचल होना गुस्सा करना, पढ़ाई में समस्या, सामान्य से अधिक या कम खाना, बोलने में समस्या जैसे बीमारियों के बारे में परामर्श ले सकते हैं। मानसिक एवं मनोरोग विशेषज्ञ प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे।

### तुमगांव स्कूल में सुपर शनिवार बैगलेस डे पर हुआ पर्यावरण संरक्षण का विशेष आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में सुपर शनिवार बैगलेस डे पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ईको क्लब मिशन फॉर लाइफ के अंतर्गत एक कदम प्रकृति की ओर थीम पर पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। इस दौरान नीम, आम, जामुन, करंज, पपीता, गेंदा, गार्डन ट्री, तुलसी, मोगरा एवं गुलाब जैसे उपयोगी एवं पर्यावरण हितैषी पौधे लगाए गए। साथ ही बच्चों द्वारा सीड बॉल (बीज गोले) का छिड़काव कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं पौधरोपण के महत्व के बारे में जानकारी दी।

# रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में छात्र परिषद का अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए नव-निर्वाचित छात्र परिषद के शपथ ग्रहण एवं अलंकरण (इन्वेस्टीचर) समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महासमुंद न्यायालय की न्यायाधीश मोनिका जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि पारस चोपड़ा रहे। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं विद्यालय की प्राचार्या पूजा शर्मा ने नव-निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहनाकर उनके दायित्वों का औपचारिक हस्तांतरण किया। इस अवसर पर हेड बॉय अर्पित अग्रवाल, हेड गर्ल चारू चंद्राकर, वाइस हेड बॉय वेदांत वर्मा, वाइस हेड गर्ल शांभवी चौधरी, स्पोर्ट्स हेड बॉय मयंक पटेल, स्पोर्ट्स हेड गर्ल ऋषिका खाखा, वाइस स्पोर्ट्स हेड बॉय देवेश पटेल तथा वाइस स्पोर्ट्स हेड गर्ल निहारिका पटेल ने पदभार ग्रहण किया। साथ ही विभिन्न सदनों के छात्र नेताओं को भी अलंकृत किया गया। पर्सियस हाउस के हेड कैप्टन भव्या राठी एवं वाइस कैप्टन मोक्ष पटेल, ज़ोडियक हाउस के हेड कैप्टन राजवीर गुप्ता एवं वाइस कैप्टन अभव्या चंद्राकर, ओरियन हाउस के हेड कैप्टन ईशांत पटेल एवं वाइस कैप्टन लावण्या सिन्हा तथा हर्क्यूलिस हाउस के हेड कैप्टन आदित्य चंद्राकर एवं वाइस कैप्टन हाना सिंह को



उनके दायित्व सौंपे गए। वहीं सीसीए हेड इंचार्ज प्राची साहू, हेड सीसीए इंचार्ज श्लोक रंजन दास, वाइस सीसीए इंचार्ज निपेक्षा नायक तथा वाइस सीसीए इंचार्ज प्रक्षाल चोपड़ा सहित सभी कक्षा 6-12 के विद्यार्थियों को क्लास हाउस प्रीफेक्ट का बैज प्रदान कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इसके उपरांत विद्यालय की प्राचार्या पूजा शर्मा ने सभी छात्र परिषद पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने तथा पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और उत्तरदायित्व के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि मोनिका जायसवाल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि सच्चा नेतृत्व पद से नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन, ईमानदारी और उत्कृष्ट आचरण से सिद्ध होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सदैव नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए विद्यालय और समाज का आदर्श प्रतिनिधि बनने की प्रेरणा दी। विद्यालय की प्राचार्या पूजा शर्मा ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेतृत्व सम्मान के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से निष्पक्षता, समर्पण, सेवा-भाव और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन उत्साह, अनुशासन और नेतृत्व की भावना से ओत-प्रोत रहा तथा विद्यार्थियों में उत्तरदायित्व, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व कौशल के विकास की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ।

## पहल: आपातकालीन सेवाओं, नशामुक्ति के संदेश के साथ जनता को कर रहे जागरूक

# नए-नए अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने की एक मुहिम है नवा बिहान अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस द्वारा आम जनता को सचेत, सतर्क

- साइबर अपराध, सोशल मीडिया सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड व गौ तस्करी रोकथाम और नशा मुक्ति संदेशों एवं जन उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों के साथ लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा
- महासमुंद पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेज, हाट-बाजार, बस स्टैंड, बैंक और ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को निरंतर किया जा रहा है जागरूक

और जागरूक करने के लिए पूरे जिले में 'नवा बिहान' अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत पुलिस टीम सार्वजनिक जगहों जैसे हाट-बाजार, स्कूल-कॉलेज, बस स्टैंड, बैंकों, चौराहों और गली-मोहल्लों में सीधे लोगों के बीच पहुंच रही है। वहाँ नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने, सोशल मीडिया को सुरक्षित रखने, ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहने और आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने की जानकारी दी जा रही है। साथ ही आपातकालीन सेवाओं, नशामुक्ति के संदेश और गौ-तस्करी की रोकथाम जैसे गंभीर मुद्दों पर भी लोगों को जागरूक कर एक सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

नवा बिहान कैंपेन के तहत इस सप्ताह जिले के थाना सरायपाली ग्राम बिछिया, चौकी सिरपुर के ग्राम सिरपुर, थाना पिथौरा गार्डन चौक के पास, थाना पटेवा ग्राम रुमेकेल, छिलपावन चौक, चौकी भंवरपुर साप्ताहिक बाजार, ग्राम भलेसर चौकी टुहलू, थाना खल्लारी ग्राम बीकेबाहरा एवं




पिथौरा चौक बागबाहरा में जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। ग्राम क्षेत्रों के आम जनता को साइबर जागरूकता, अभिव्यक्ति ऐप, नशा मुक्ति अभियान महिला संबंधी अपराध एवं यातायात सुरक्षा की जानकारी दी गयी।

पुलिस द्वारा लोगों को बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट को बिना जांचे-परखे स्वीकार न करें। लोगों से अपील की गई कि वे थर्ड पार्टी ऐप्स और अनजान लिंक्स से दूरी बनाएं रखें और अपनी संवेदनशील जानकारी कभी भी सार्वजनिक न करें। यदि आप किसी साइबर ठगी का शिकार होते हैं, तो देरी न करें। तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा अपने नजदीकी साइबर सेल या पुलिस थाने में भी सूचना दें।

पुलिस ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 'डायल-112' की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। नागरिकों को बताया गया कि किसी भी दुर्घटना, विवाद या आपात स्थिति में 112 पर कॉल करने से पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम तत्काल मौके पर पहुंचती है। कम से कम समय में सहायता प्राप्त करने के लिए इस सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया है। क्षेत्र में गौवंश तस्करी को रोकने के लिए पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। यदि किसी को भी गौवंश तस्करी या अवैध परिवहन की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत नजदीकी थाने या ₹संवाद₹ हेल्पलाइन नंबर 9479229939 पर सूचना दें।

आजकल अपराधी पुलिस, सीबीआई या जज बनकर वीडियो कॉल करते हैं और डिजिटल अरेस्ट या जेल भेजने की धमकी देकर पैसे वसूलते हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी संस्था या अधिकारी इस तरह वीडियो कॉल पर डराकर पैसे की मांग नहीं करता। ऐसे कॉल्स आने पर घबराएं नहीं और न ही घबराहट में गूगल-पे या फोन-पे के माध्यम से पैसे भेजें। अक्सर सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें और मैसेज वायरल कर दिए जाते हैं। किसी भी फॉरवर्डेड मैसेज की सत्यता को जाने बिना आगे न भेजें। इसके साथ ही व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे ऐप्स पर 'टू-स्टेप वेरिफिकेशन' ऑन रखने की सलाह दी गई ताकि अकाउंट को हैक होने से बचाया जा सके।

महासमुंद पुलिस द्वारा नागरिकों की त्वरित सहायता हेतु जारी व्हाट्सएप नंबर 94792-29939 अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। पुलिस प्रशासन आम जनता से अपील करती है कि किसी भी शिकायत या आपातकालीन सूचना के लिए इस सुविधा का अधिकाधिक उपयोग करें। इस नंबर को अपने मोबाइल में सेव कर आसपास हो रही किसी भी संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल साझा कर सकते हैं। ₹संवाद₹ हेल्पलाइन में सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इसमें दो विकल्प दिए गए हैं, पहला गुप्त सूचना देने एवं दूसरा सामान्य शिकायत दर्ज कराने के लिए। आपकी दी हुई एक छोटी सी सूचना न केवल किसी बड़े अपराध को रोक सकती है, बल्कि हमारे समाज को सुरक्षित और खुशहाल भी बना सकती है। महासमुंद पुलिस के जन-जागरूकता अभियान में 500 से अधिक नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से नशा छोड़ने अपील की। साइबर ठगी जैसी अपराध के प्रति खुद भी सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें एवं यातायात नियमों का पालन करें।

## बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें अब तक उपलब्ध नहीं करा पाया स्कूल शिक्षा विभाग



### लक्ष्य कार्यक्रम से प्रशिक्षण लेने के बाद भी नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लक्ष्य कार्यक्रम के माध्यम से सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को प्राथमिक और मिडिल स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया और आदेशित किया गया कि सभी सरकारी स्कूलों में नवोदय और प्रयास विद्यालय के तैयारी संबंधी पुस्तकें अनिवार्य हो। शिक्षक इसकी अनिवार्य कक्षा बच्चों को लेंगे। हर माह समीक्षा बैठक आयोजित किया जाएगा, विद्यालयीन समय से अतिरिक्त समय शिक्षक लगाएंगे।

इस संबंध में शिक्षा के मानवीय करण के लिए प्रसिद्ध चेतना विकास मूल्य शिक्षा संचालित अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल के शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने कहा कि महासमुंद जिला सर्वाधिक आत्महत्या/शरीर हत्या करने वाला पहला जिला है, शिक्षकों के उपर वर्क लोड बढ़ रहा है, बच्चों के उपर भी। एफएलएन प्रशिक्षण के लक्ष्य को अभी तक प्राप्त नहीं किया गया है, सरकारी स्कूल के अधिकांश बच्चे अंक गणित ज्ञान और संख्या ज्ञान में कमजोर हैं, धाराप्रवाह पढ़ने नहीं आता, बच्चों में मूलभूत गणितीय कौशल, अंग्रेजी बोलना पढ़ना लिखना, नयी पुस्तकें आयीं हैं। अभी तक सरकार सभी स्कूलों में सभी बच्चों को पाठ्यक्रम पाठ्य-पुस्तकों को उपलब्ध नहीं करा पाई है। जबकि, सत्र को प्रारंभ हुए एक माह से अधिक हो गए, कक्षा तीसरी, पांचवीं के औसत 25 प्रतिशत से अधिक बच्चे पढ़ना-लिखना और गुणा-भाग भी नहीं जानते।

# धान से मूंगफली की ओर बढ़ते कदम किसानों ने अपनाया लाभकारी विकल्प

**महासमुंद।** जिले में खरीफ मौसम के दौरान धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा लगातार किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी प्रयास के तहत जिले में लगभग 1,000 हेक्टेयर क्षेत्र में मूंगफली की खेती की जा रही है। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने, जल संरक्षण तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।



कृषि उपसंचालक एफआर कश्यप ने बताया कि सरायपाली विकासखंड के ग्राम बोंदानवापाली के किसान फागू लाल कैवर्त और नंदकुमार कैवर्त इस बदलाव के साक्षी हैं। दोनों किसानों ने राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के अंतर्गत धान के स्थान पर 0.40-0.40 हेक्टेयर क्षेत्र में 1 जुलाई 2026 को मूंगफली की बुवाई की। इन किसानों का कहना है कि मूंगफली की खेती में धान की तुलना में कम पानी की आवश्यकता होती है। साथ ही इसकी लागत अपेक्षाकृत कम होने के कारण लाभ की संभावना अधिक रहती है। कृषि विभाग के मार्गदर्शन और तकनीकी सहयोग से उन्होंने समय पर बुवाई कर वैज्ञानिक विधियों को अपनाया है, जिससे अच्छी उपज की उम्मीद है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जिले में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं अन्य लाभकारी फसलों का रकबा लगातार बढ़ रहा है। मूंगफली जैसी तिलहनी फसलें किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने और जल संसाधनों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। किसान फागू लाल और नंदकुमार द्वारा की जा रही मूंगफली की खेती क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए उदाहरण बन रहा है। यदि अधिक किसान धान के साथ-साथ वैकल्पिक फसलों को अपनाते हैं, तो इससे खेती अधिक लाभकारी, टिकाऊ और जलवायु अनुकूल बन सकेगी।

## धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाले तीन युवको पर कार्रवाई

**महासमुंद।** धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने, धमकाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन युवकों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 17 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति संजय कानन गार्डन महासमुंद के पास धारदार चाकू रखा हुआ है और आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। मौके पर पहुंचेकर पुलिस आरोपी आशीष छत्तर पिता पुनऊ राम छत्तर (19 वर्ष) वार्ड न. 10 पुटका थाना सरायपाली जिला महासमुंद के कब्जे से चाकू बरामद किया। वहीं दूसरे मामले में खैरा चौक महासमुंद के पास धारदार चाकू लेकर लोगों को डरा रहे युवक पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी लोकेश्वर सोनवानी पिता छेदू उर्फ आनंद राम सोनवानी (21 साल) निवासी वार्ड नं. 08 टिकरापारा खैरा के कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया। इसी तरह भलेसर रोड महासमुंद पुलिया के पास कत्ता लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना मिली कि भलेसर रोड पुलिया के पास महासमुंद में करण महानंद पिता स्व कृष्णा महानंद (20 साल) निवासी वार्ड नं. 09 बुगलु चौक नयापारा कत्ता लेकर लोगों को डरा रहा है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कत्ता जब्त किया। इन सभी मामलों में आरोपियों के विरूद्ध धारा धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# भारी वर्षा की चेतावनी पर पालिका अलर्ट, नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : पालिका अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मौसम विभाग द्वारा क्षेत्र में आगामी दिनों के लिए भारी वर्षा की चेतावनी जारी किए जाने के बाद नगर पालिका परिषद ने एहतियाती तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित समस्त संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। अध्यक्ष साहू ने कहा कि बारिश के दौरान नगर के किसी भी क्षेत्र में जलभराव, नालियों के अवरुद्ध होने या नागरिकों को असुविधा होने की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। इसके लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा सफाई विभाग, स्वच्छता निरीक्षकों एवं मैदानी कर्मचारियों को कार्यालयीन आदेश जारी कर नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था तथा संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नगर के ऐसे क्षेत्रों की विशेष पहचान की गई है, जहां पूर्व में जलभराव की समस्या सामने आती रही है। इन स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त सफाई कर्मी, पंप एवं अन्य संसाधन तत्काल उपलब्ध कराए जाएंगे।



सभी कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय रहकर किसी भी शिकायत का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि प्राकृतिक आपदा जैसी परिस्थितियों में प्रशासन और नागरिकों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे घरों एवं दुकानों का कचरा नालियों में न डालें, जिससे जल निकासी बाधित न हो। यदि कहीं जलभराव, नाली जाम या अन्य समस्या दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल नगर पालिका को दें, ताकि बिना विलंब आवश्यक कार्रवाई की जा सके। साहू ने कहा कि नगर पालिका का पूरा अमला 24 घंटे सतर्क है और नागरिकों की सुरक्षा, स्वच्छता तथा सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मौसम विभाग की चेतावनी को गंभीरता से लेते हुए सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। नगर पालिका परिषद ने सभी नागरिकों से अपील की है कि भारी वर्षा के दौरान अनावश्यक रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें, प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें तथा सुरक्षित रहकर नगर पालिका का सहयोग करें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### सरकार की लापरवाही से जा रही जान : आप

**महासमुंद**। जिले में लगातार बढ़ रही सर्पदंश (सांप काटने) की घटनाओं और उससे हो रही मौतों पर आम आदमी पार्टी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चंद्राकर ने प्रशासन ने पर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में न तो पर्याप्त एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) उपलब्ध है और न ही प्रशिक्षित चिकित्सा व्यवस्था, जिसके कारण समय पर इलाज न मिलने से लोगों की जान जा रही है।
आप नेताओं ने बताया कि प्राप्त आंकड़े के अनुसार देशभर में हर वर्ष लगभग 45,000 से अधिक लोगों की मौत सर्पदंश से होती है, जिनमें 97 प्रतिशत मामले ग्रामीण क्षेत्रों से होते हैं। छत्तीसगढ़ में भी स्थिति चिंताजनक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार केवल 2016 में 3,533 केस और 60 मौतें, 2017 में 4,109 केस और 52 मौतें, तथा 2018 में 4,148 केस और 33 मौतें दर्ज की गईं। मानसून के दौरान ग्रामीण और वन क्षेत्रों में सर्पदंश की घटनाएं तेजी से बढ़ती हैं।

**प्रकरण : एक करोड़ 81 लाख 87 हजार 947 रुपए का अवार्ड पारित**

# विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस से संबंधित 42 मामलों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के मामलों से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के प्रभारी सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना ठाकुर ने बताया कि परक्राम्य लिखत अधिनियम अर्थात चेक अनादर व चेक बाउंस संबंधित बढ़ती लंबित मामलों के निराकरण करने के उद्देश्य से 18 जुलाई 2026 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय एवं तालुका स्थित न्यायालयों सहित कुल 10 खंडपीठों का गठन कर तथा प्रत्येक खंडपीठ में एक-एक सुलहकर्ता सदस्यों की नियुक्ति कर धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत संस्थित



मामलों का सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। इस प्रकार चेक अनादर व चेक बाउसिंग पर आधारित इस विशेष लोक अदालत में कुल 42 प्रकरणों का निराकरण करते हुए एक करोड़ 81 लाख 87 हजार 947 रुपए का अवार्ड पारित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जारी निर्देशानुसार 18 जुलाई 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य के समुचे जिला एवं तालुका स्थित न्यायालयों में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया है, जो मुख्यतः धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के मामले रखे गए थे। यह धारा चेक के अनादृत या बाउंस होने की स्थिति में आपराधिक दायित्व निर्धारित करती है। अधिनियम की धारा 138 में यह प्रावधान है कि यदि कोई चेक किसी व्यक्ति (चेक जारीकर्ता) द्वारा किसी अन्य व्यक्ति (प्राप्तकर्ता) के पक्ष में जारी किया जाता है और चेक जारीकर्ता के बैंक खाते में अपर्याप्त धनराशि के कारण अनादृत हो जाता है, तो ऐसे जारीकर्ता को अपराध का दोषी माना जाता है। इस अपराध के लिए दंड और चेक की राशि के दोगुने तक का जुर्माना हो सकता है।

## रथयात्रा पर्व पर उत्कल गांडा समाज शहर इकाई ने किया गजामूंग प्रसाद का वितरण



**महासमुंद**। उत्कल गांडा समाज शहर इकाई के पुनर्गठन उपरांत लगातार दूसरे वर्ष भी उत्कल गांडा समाज के लोग बड़ी संख्या में जगन्नाथ प्रभु के स्वागत दर्शन के लिए एकत्रित हुए। समाजजनों ने समाज के अध्यक्ष बबलू हरपाल के नेतृत्व में महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा का स्वागत एवं दर्शन किए एवं क्षेत्र की खुशहाली समृद्धि के लिए प्रार्थना किए। उत्कल गांडा समाज शहर इकाई द्वारा ओवरब्रिज के पास पुलाव एवं गजा मूंग प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिक किनारी नायक पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका सभापति सूरज नायक, महेंद्र सिक्का भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष, समाज के उपाध्यक्ष परखित हरपाल, सचिव दशरथ महानंद, सहसचिव मनोज कुलदीप, कोषाध्यक्ष कन्हैया नायक, बैजल भारती, सुदर्शन कुमार, बच्चन कुमार, बादल बघेल, दामोदर सोना, ईश्वर छत्री, बसंत सागर, राजेश्वर राय, रॉकी सोनवानी, धर्मेंद्र नायक, संतु महानंद, तरुण कुमार, जुगराज महानंद, सोनू कुलदीप, घनश्याम बाघ, भोला टांडी, रामचरण बघेल, मोती टांडी, पिंटू जगत, शिव जगत, जनार्दन बारिक, विजय प्रधान, राजेश नेताम पूर्व पार्षद, नेहरू नेताम पूर्व पार्षद, लखन विभार सहित बड़ी-बड़ी संख्या में गांडा समाज के महिला पुरुष एवं युवा उपस्थित हुए।




# वैज्ञानिक सोच ही विकसित भारत की आधारशिला : विश्वास

## सर्पदंश से बचाव एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर सेमिनार, विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पूछे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

रामदर्शन पब्लिक स्कूल जंघोरा (पिथौरा) एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के संयुक्त तत्वावधान में सर्पदंश से बचाव एवं प्राथमिक उपचार तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैज्ञानिक सोच विषय पर एक दिवसीय जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, अंधविश्वासों से दूर रहने तथा सर्पदंश जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में सही प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष, सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर एवं विज्ञान आश्रम कसेकेरा के संचालक विश्वास मेश्राम






ने अपने उद्बोधन में कहा कि सांप प्रकृति के संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण जीव हैं। अधिकांश सांप विषैले नहीं होते, इसलिए उन्हें देखकर घबराने या अंधविश्वास का सहारा लेने की बजाय वैज्ञानिक जानकारी के आधार पर निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने जहरीले एवं विषहीन सांपों की पहचान, सर्पदंश के लक्षण तथा प्राथमिक उपचार की जानकारी देते हुए कहा कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या टोने-टोटके में समय न गंवाकर पीड़ित को तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाना ही सबसे प्रभावी उपचार है। छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के प्रेस सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव एवं शिक्षाविद् हेमंत खुटे ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं वैज्ञानिक सोच पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य केवल जानकारी देना या परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, रचनात्मकता तथा समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करना है। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सर्पदंश, वैज्ञानिक सोच एवं शिक्षा से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जोगिंद्र मेहेर एवं उप-प्राचार्य रत्ना सिन्हा मंचासीन रहे। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य वक्ता विश्वास मेश्राम, हेमंत खुटे तथा विज्ञान कार्यकर्ता उषा मेश्राम का शाल, फल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।







